शुक्रवार, 05 जनवरी 2024, ठाणे, मुंबई

दैनिक सिटी न्यूज मुंबई

सच का जोश

वर्ष 13 • अंक: 134 CITY NEWS MUMBAI

# राज्य सरकार का बड़ा फैसला

## सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू

मुंबई - लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में शिंदे-फडणवीस-पवार की महागठबंधन सरकार ने एक अहम फैसला लिया है। कर्मचारी संघ पुरानी पेंशन योजना को पूरी तरह से लागू करने की मांग कर रहे हैं। इस मांग पर विचार करते हुए, महाराष्ट्र सरकार ने आज (गुरुवार) नवंबर 2005 से पहले के विज्ञापन के अनुसार नवंबर 2005 के बाद सरकारी सेवा में शामिल होने वाले कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (old pension scheme) लागू करने का निर्णय लिया है। इससे राज्य सरकार के कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार ने आज नवंबर 2005 से पहले के विज्ञापन के अनुसार नवंबर 2005 के बाद सरकारी सेवा में आने वाले सरकारी



कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना से राज्य सरकार के साढ़े चार से पांच हजार कर्मचारियों को फायदा होगा. आज की कैबिनेट बैठक में अहम फैसले सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू होगी. नवंबर 2005 से पहले के विज्ञापन के मुताबिक नवंबर 2005 के बाद सरकारी सेवा में आने वाले सरकारी कर्मचारियों पर पुरानी पेंशन योजना लागू होगी. (वित्त विभाग) अटल बिहारी वाजपेयी शिवडी न्हावा शेवा सेतु रोड पर टोल 250 रुपये तय किया गया। (नगरीय विकास विभाग) दूध उत्पादकों को 5 रुपये प्रति लीटर सब्सिडी। (डेयरी विकास विभाग) विदर्भ में सिंचाई बैकलॉग को दूर करने के लिए वैनगंगा-नलगंगा परियोजना के लिए जल उपलब्धता की स्थिति में छूट। (जल संसाधन विभाग) मिनिस्ट्रियल क्लर्क टाइपिस्टों को 5000 रुपये प्रति माह भत्ता। (वित्त विभाग) पावरलूम को बढ़ावा देने के लिए इचलकरंजी पावरलूम मेगा क्लस्टर को पूंजी अनुदान। 400 उद्योगों को लाभ (कपड़ा उद्योग) रेशम उद्योग के शेष पृष्ठ 7 पर

## विश्व आर्थिक सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

मुंबई। स्विट्जरलैंड के दावोस में 15 जनवरी से 19 जनवरी के बीच आयोजित विश्व आर्थिक सम्मेलन (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शामिल होंगे। उनके साथ 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। इस सम्मेलन के लिए की जा रही तैयारी का जायजा लेने बैठक आयोजित की गई। इसमें उद्योग विभाग के प्रधान सचिव डा. हर्षदीप कांबले ने प्रस्तुतीकरण किया। मुख्यमंत्री



एकनाथ शिंदे ने कहा कि दावोस में होने जा रही वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में महाराष्ट्र को बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश का अवसर उपलब्ध होने जा रहे हैं। महाराष्ट्र में आने के लिए इच्छुक विश्व भर के उद्योगों के साथ अच्छा संबंध एवं समन्वय रखा जाए। इस सम्मेलन में मैग्नेटिक महाराष्ट्र की प्रभावशाली ढंग से ब्रांडिंग करें। प्रतिनिधिमंडल में राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री शिंदे ने शेष पृष्ठ 7 पर

## बीजेपी किस आधार पर 400 सीटें जीतने का दावा कर रही है? शरद पवार का सवाल

शिरडीः आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां कमर कस रही हैं. ऐसे में अब एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार बीजेपी पर निशाना साध रहे हैं. शरद पवार ने शिरडी में आयोजित एनसीपी के मंथन शिविर में समापन भाषण देते हुए कहा कि बीजेपी का काम जर्मनी में हिटलर के प्रचार तंत्र की तरह चल रहा है. शरद पवार ने सवाल उठाया है कि बीजेपी लगातार कह रही है कि वो 400 सीटें जीतेगी,



लेकिन बीजेपी ये बात किस आधार पर कह रही है. शरद पवार ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पिछले कुछ दिनों से बेचैन थे. उनके मन में पार्टी का विचार पक्का करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है. देश में शेष पृष्ठ 7 पर

## महानंदा मिल्क की 27 एकड़ जमीन पर गुजरात लॉबी की नजर! हम चुप नहीं बैठेंगे: संजय राउत



मुंबईः ठाकरे समूह के नेता संजय राउत ने आरोप लगाया है कि मुंबई में महानंदा दुग्ध संघ की 27 एकड़ जमीन पर गुजरात लॉबी की नजर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिवसेना महानंदा के साथ मजबूती से खड़ी है और शेष पृष्ठ 7 पर

## क्रोफेड मार्केट के सामने वाहन चालकों से अवैध वसूली पर मनपा सख्त

मुंबई। मनपा मुख्यालय के पास ही क्रोफ़ेड मार्केट के सामने पे एंड पार्किंग ठेकदार द्वारा की जा रही अवैध वसूली पर मनपा प्रशासन ने ठेकेदार का ठेका रद्द कर दिया है। मनपा ए वार्ड के सहायक आयुक्त जयदीप मोरे (Jaideep More) ने कहा कि नया ठेकेदार की नियुक्ति नहीं होने तक वाहन चालकों से पार्किंग करने का पैसा नही वसूला जाएगा। मनपा के सहायक आयुक्त जयदीप मोरे ने बताया कि क्रोफेड

### ठेकेदार का रद्द किया ठेका मुफ्त में होगी वाहनों की पार्किंग



मार्केट के सामने बड़ी संख्या में वाहनों की पार्किंग होती है। पे एंड पार्किंग (Pay and Parking) का ठेकेदार वाहन चालकों से अवैध वसूली करता है इस तरह की शिकायत वाहन चालकों द्वारा बार बार आ रहीं थी ठेकेदार को इसकी चेतावनी देने के बावजूद ठेकेदार अवैध रूप से वाहन चालकों से वसूली कर रहा था। मनपा सहायक आयुक्त ने बताया कि इस परिसर में ठेकेदार को प्रति शेष पृष्ठ 7 पर

दैनिक
सिटी न्यूज मुंबई
CITY NEWS MUMBAI
गुरूवार, 04 जनवरी 2024, ठाणे, मुंबई



# पीएम मोदी और राहुल गांधी से मिले तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन, प्रधानमंत्री से मिल कही यह बात



तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। द्रमुक और भाजपा के बीच सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी को लेकर हुए टकराव के बाद पहली बार यह मुलाकात हुई है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान राज्य में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन के साथ मंच साझा किया था। गुरुवार को पीएम मोदी के साथ बैठक के दौरान उदयनिधि, जो तमिलनाडु के खेल और युवा मामलों के राज्य मंत्री हैं, ने तमिलनाडु के बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत, बहाली और पुनर्वास कार्य के लिए अतिरिक्त केंद्रीय निधि जारी करने की मांग की। इससे पहले पीएम मोदी के साथ मंच साझा करते हुए, सीएम स्टालिन ने उनसे तमिलनाडु बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और राहत और पुनर्वास के लिए और अधिक धन भेजने का आग्रह किया। इस दौरान तमिलनाडु के मंत्री ने पीएम मोदी को 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया, जो इस साल 19 जनवरी से चेन्नई में आयोजित किया जाना है। मुलाकात के बाद उदयनिधि स्टालिन ने ट्वीट किया, ₹चेन्नई में 19 जनवरी 2024 को होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन समारोह के लिए आज नई दिल्ली में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करके खुशी हो रही है।

मुलाकात के दौरान मैंने हमारे मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के अनुरोध के अनुसार तमिलनाडु के बाढ़ प्रभावित जिलों में बहाली और पुनर्वास कार्य के लिए प्रधानमंत्री से नेशनल डिजास्टर रिलीफ फंड जारी करने का अनुरोध किया। पीएम ने हमें आश्वासन दिया कि वह आवश्यक कदम उठाएंगे।₹ तमिलनाडु के मंत्री ने कुछ समय पूर्व सनातन धर्म के खिलाफ विवादास्तपद टिप्पणी करते हुए इसकी 'डेंगू, मलेरिया, बुखार और कोरोना' के साथ तुलना की।

राहुल गांधी से भी मिले उदयनिधि स्टालिन

तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने ट्वीट कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी मुलाकात की जानकारी दी।

उन्होंने लिखा, ₹मुझे आज नई दिल्ली में कांग्रेस नेता और भाई राहुल गांधी से उनके आवास पर मिलने की खुशी हुई।

मैंने सोनिया गांधी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने तमिलनाडु में हाल ही में आई बाढ़ के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। मुलाकात के दौरान हमने राष्ट्र के धर्मनिरपेक्ष लोकाचार की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन की प्रगति पर संक्षेप में चर्चा की।"

# 1990 बैच के आईएफएस अधिकारी इंद्र मणि पांडेय ने बिम्सटेक के महासचिव का कार्यभार संभाला, ये है लक्ष्य



अनुभवी भारतीय राजनयिक इंद्र मणि पांडेय ने गुरुवार को सात सदस्यीय बिम्सटेक के नए महासचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1990 बैच के अधिकारी पांडे जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत के स्थायी प्रतिनिधि के तौर पर काम कर रहे थे। बिम्सटेक (BIMSTEC- Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral Technical and Economic Cooperation) में भारत के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। पांडेय ने ढाका में बिम्सटेक के सचिवालय में इसके चौथे महासचिव के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने भूटान के तेनजिन लेकफेल की जगह ली। इस प्रतिष्ठित पद पर उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। इससे पहले दिन में ढाका पहुंचने पर पांडेय का बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में महानिदेशक (सार्क और बिम्सटेक) अब्दुल मोतालेब सर्कर ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बिम्सटेक सचिवालय के अधिकारियों को संबोधित करते हुए पांडे ने सहयोग बढ़ाने और उसे गहरा करने में समूह के सदस्य देशों के बड़े दृष्टिकोण को हकीकत में बदलने के लिए नए उत्साह के साथ काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए बिम्सटेक के सदस्य देशों को धन्यवाद दिया और उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन की मांग की। भारत बिम्सटेक को क्षेत्रीय सहयोग की दिशा में एक जीवंत मंच बनाने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है क्योंकि सार्क (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के तहत यह पहल कई कारणों से आगे नहीं बढ़ रही थी। अपने तीन दशक से अधिक लंबे राजनयिक करियर में, पांडेय ने विदेश मंत्रालय (एमईए) में निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रभाग के प्रभारी अतिरिक्त सचिव के रूप में भी कार्य किया। वे ओमान सल्तनत में भारत के राजदूत, फ्रांस में भारत के उप राजदूत, चीन के गुआंगझौ में भारत के महावाणिज्य दूत भी रहे हैं। पांडेय ने काहिरा, दमिश्क, इस्लामाबाद और काबुल में भारतीय मिशनों में विभिन्न पदों पर भी काम किया है।

# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर BJP की तैयारी, 70 दिनों में 11 आउटरीच कार्य क्रम

लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में अब सुगबुगाहट तेज हो गई हैं। तमाम राजनीतिक दल ने अपनी-अपनी जीत दर्ज करने के लिए कमर कस ली हैं। इसी बीच, 2024 के आम चुनावों से पहले भाजपा 70 दिनों में 11 बड़े राजनीतिक कार्यक्रम चलाएगी, जिसे 15 मार्च से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इन कार्यक्रम का मकसद लोगों से जुड़ा, केंद्र की योजनाओं की जानकारी देना समेत लोगों से संवाद करना हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों को क्रियान्वित करने के लिए भाजाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी ने अपने चार राष्ट्रीय महासचिवों को जिम्मेदारी दी हैं। सूत्रों की मानें तो अलग-अलग प्रभार दिए गए हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस देश में चार जातियां (गरीब, महिलाएं, किसान, युवा) हैं, जिनके विकास के लिए हमें लगातार काम करना होगा। सूत्रों की मानें तो एसटी मोर्चा की कमान राधा मोहन दास अग्रवाल को सौंपी गई है, अल्पसंख्यक मोर्चा की देखरेख दुष्यंत गौतम करेंगे। 70 दिनों में 11 आउटरीच कार्यक्रम के तहत भाजपा जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने का प्रयास करेंगी। इसके तहत देश के कई वर्गों तक पहुंचने के लिए मोर्चों को चार कार्यक्रम दिए गए हैं। भाजपा से जुड़े विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र के नेता विजया रहाटकर और दक्षिण भारत से वनिथि श्रीनिवासन लगभग 1.25 करोड़ महिला स्वयं सहायता समूहों से सम्पर्क करेंगी। साथ ही महिलाओं को भाजपा सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं से भी अवगत कराएंगी। सूत्रों की मानें तो इस महिला स्वयं सहायता समूहों को भाजपा से जोड़ने की तैयारियां हैं, जिसका लाभ भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में मिल सकें। सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को महिला स्वयं सहायता समूह और एनजीओ का प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। स्पेसएक्स का फाल्कन -9 जीटीओ में 8,300 किलोग्राम पेलोड रखने में सक्षम है।

# जौनपुर में 7 जनवरी तक कक्षा आठ तक के सभी स्कू ल बंद, ठं ड के चलते जिला प्रशासन ने जारी किया आदेश



ठंड व गलन से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। गुरुवार सुबह बूदांबांदी के बाद ठंड और बढ़ गई। ऐसे में कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से कक्षा आठ तक के सभी विद्यालय सात जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया गया है। ठंडी हवाओं के चलते सड़कों पर आम दिनों की अपेक्षा चहलकदमी कम रही। पार्कों में रोजाना रहने वाली रौनक भी खत्म हो गई। गुरुवार की सुबह ठंड व कोहरे के साथ हुई। इसके थोड़ी देर बाद ही बूंदाबांदी हुई। कुछ देर सूरज निकलने के बाद दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। लोग घर की चहारदीवारी के भीतर ठिठुरते रहे। ठिठुरन के चलते बाजारों में भी ग्राहकों की भीड़ कम रही। दुकानदारों के मुताबिक बूंदाबांदी के चलते मौसम में बदलाव का मार्केट पर असर पड़ रहा है। जिले का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

कक्षा आठ तक के सभी विद्यालय सात जनवरी तक रहेंगे बंद

बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि ठंड को देखते हुए जिले के सभी सीबीएसई, आईसीएसई, यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त एवं मदरसा में कक्षा एक से आठ तक सभी विद्यालय शीतलहर एवं ठंड के कारण सात जनवरी तक बंद रहेंगे। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से इसका अनुपालन कराने का निर्देश दिया है।

# काशी में बोले डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, समाज का हर तबका ले रहा योजनाओं का लाभ



महामारी के दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों का विशेष ख्याल रखा। विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों से मिलकर अच्छा लग रहा है। योजनाओं के जन-जन तक पहुंचने की गारंटी का पता चल रहा है। अपना देश भारत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है। यह बातें गुरुवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अराजीलाइन ब्लाक के ग्राम पंचायत रामरायपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में कहीं। कार्यक्रम में वे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मोदी गारंटी वैन के माध्यम से गरीबों, महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों का रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है और इसके साथ ही लाभार्थियों को सम्मानित भी किया जा रहा है। प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पीएम स्वनिधि योजना से रेहड़ी-पटरी वालों को लाभ हुआ। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री के गारंटी वाली वैन का ढोल-नगाड़े से स्वागत करने को कहा। अधिकारियों से कहा कि हर एक व्यक्ति को योजनाओं का लाभा दिलाना सुनिश्चित करें। इसके पहले उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। उर्मिला नामक महिला के छह माह के पुत्र कौशल का अन्नप्राशन किया और कंचन देवी की गोद भराई भी की।

दैनिक
सिटी न्यूज मुंबई
CITY NEWS MUMBAI
गुरूवार, 04 जनवरी 2024, ठाणे, मुंबई



# साध्वी ऋतम्भरा बोलीं- जो लोग भेड़ बन गए उन्हें अपनी परंपरा याद दिलाकर शेर बनाने की जरूरत



समय श्रेष्ठ है, समय नहीं बदलता हम बदल जाते हैं। एक प्रसंग का संस्मरण कराते हुए दीदी मां ने कहा, चालीस वर्ष पूर्व जिस दर्पण को देख इठलाते थे, आज उसी दर्पण में चेहरा बदल गया। दर्पण वही है, रूप बदल गया, दर्पण नहीं बदला हम बदल गए। दीदी मां ने कहा, हम जिस परंपरा से जुड़े हैं, वो परंपरा ज्ञान दान देने की परंपरा है। शिवहोम का डंका बजाने वाली परंपरा है। भेड़ बन गए शेर को दोबारा सिंहस्तव (शेर) याद दिलाने वाली परंपरा है। एकात्मकता के सूत्र में बांधने की परंपरा है। विराट संत सम्मेलन की मुख्य वक्ता परम पूज्य साध्वी ऋतम्भरा ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। युग पुरुष महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद ने आशीवर्चन देते हुए कहा कि देश के लिए मरने का अवसर तो नहीं मिला, परंतु हमारा सौभाग्य है कि हमें देश के लिए जीने का अवसर मिला है।

महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिमर्यानन्द गिरिजी ने कहा कि हमारे दादा गुरु ने ही देश में अध्यात्मिक क्रांति का शंखनाद किया था। उसी परंपरा को आगे बढ़ाया। हमारे गुरु युग पुरुष जी ने जो वेदना का सरलीकरण कर अंगूठा दिखा कर वेदानन्द को समझा देते हैं। दादा गुरु की परंपरा के शिष्यों ने राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दिया है। रामजन्मभूमि के लिए गुरुजी के सानिध्य में सभी शिष्यों ने अपना योगदान दिया है। राजनीति का ऐसा प्रभाव की हम सभी को जातियों में बांट दिया। समय का दसवां हिस्सा ध्यान में लगाओ, मोक्ष मिल जाएगा। उमेशनाथ जी ने कहा, 1992 में रामजन्मभूमि के आन्दोलन का शंखनाद उज्जैन से महामंडलेश्वर श्रीस्वामी शान्ति स्वरूपानंद गिरिजी ने किया था। पूज्य महामंडलेश्वर श्रीस्वामी परमानंद गिरि, पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा जी, महामंडलेश्वर श्री स्वामी शान्ति स्वरुपानंद गिरि जी, महामंडलेश्वर श्रीस्वामी ज्योतिमर्यानन्द गिरि जी के साथ ही मंच पर महामंडलेश्वर श्रीस्वामी अनन्त दैव गिरि, महामंडलेश्वर श्री स्वामी जगत प्रकाश त्यागी (चित्रकूट), श्रीस्वामी महेशानंद हरिद्वार, स्वामी वेदानन्द, साध्वी सत्यप्रिया दीदी, वृन्दावन, साध्वी चैतन्य सिंघु इन्दौर, राजा रामशरण जी जयपुर, श्री स्वामी सत्यश्रेय गिरि महाराज। कमलेश ब्रह्मचारी मानसपुष्प भगवानशरण बापू कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष अशोक प्रजापत ने किया। =जानकारी मीडिया प्रवक्ता राजेश करे व प्रबन्धक पंडित रामलखन शर्मा ने दी। आज सम्मेलन में माखन सिंह, तरुण मित्तल, सुरेश आहूजा, डॉ. सत्यनारायण जटिया, संत सम्मेलन में परमानंद शर्मा, मनसुख शर्मा, सुनील उपाध्याय, जमना प्रसाद दुबे, महेन्द्र शास्त्री, गोपाल शर्मा, संजय शर्मा कमलेश पंचोली, प्रोफेसर अंजनी कुमार द्विवेदी सहित बडी. संख्या में भक्त गण मौजूद रहे।

# जयाप्रदा की तलाश में दिल्ली-मुंबई में छापा, नहीं मिली सफलता, 10 जनवरी को फिर होनी है सुनवाई



पूर्व सांसद जयाप्रदा की पुलिस तलाश नहीं कर पा रही है। पुलिस दिल्ली से लेकर मुंबई तक पूर्व सांसद की तलाश में छापा मार रही है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया गया था। दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में पिछली कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं, जिस पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। पिछले दिनों अदालत ने सख्ती करते हुए जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस निरीक्षक तैनाती के आदेश जारी किए थे। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अदालत के आदेश पर जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष निरीक्षक के नेतृत्व में टीम बनाई है। ये टीम पिछले एक सप्ताह से रामपुर से लेकर दिल्ली व मुंबई तक तलाश कर रही है। टीम ने दिल्ली व मुंबई स्थित आवास पर भी छापा मारा, लेकिन वहां भी नहीं मिलीं। सप्ताह भर बाद भी पुलिस उनको तलाश नहीं सकी है। एसपी राजेश द्विवेदी का कहना है कि टीमें लगातार तलाश कर रही हैं। जल्द ही पूर्व सांसद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

10 को होगी जयाप्रदा के मामले की सुनवाई

आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पू्र्व सांसद जयाप्रदा की पेशी 10 जनवरी को होनी है। स्वार व केमरी थाने में दर्ज इस मामले में सुनवाई कोर्ट में चल रही है। दोनों ही मामलों में गैर जमानती वारंट जारी हो चुके हैं।

# CM योगी ने लाभार्थियों से किया संवाद, कहा-गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को आज दिखाई दे रही जाति



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों में गरीबों के हक पर डाका डालने वालों को अब जाति की दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में गरीबों के लिए केवल योजनाएं नहीं बन रही है, बल्कि धरातल पर उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मेरठ, बस्ती, चंदौली, महोबा और बाराबंकी के लाभार्थियों से किया संवाद किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के शासन में 13 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की रेखा से ऊपर आए हैं। मुख्यमंत्री ने पांच जिलों के लाभार्थियों से संवाद किया। वहीं शेष 70 जिलों में 800 स्थानों पर लाभार्थी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कार्यक्रम से जुड़े। योगी ने कहा कि विपक्षी लोग जाति के नाम पर समाज को विभाजित कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहकर समाज को एकजुट करते हुए राष्ट्रीय सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाना है।

पौने तीन करोड़ लोग विकसित भारत यात्रा से जुड़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रदेश में 642 मोदी गारंटी वैन चल रही हैं। उत्तर प्रदेश के 57,709 ग्राम पंचायतों में से अब तक 36,983 ग्राम पंचायतों में मोदी गारंटी वैन पहुंच चुकी है। साथ ही 762 नगर निकायों में 1027 कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। अबतक प्रदेश के अंदर लगभग पौने तीन करोड़ लोगों से यह यात्रा जुड़ चुकी है।

पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करें

योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन लोगों को योजनाओं का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है उनका रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि जब 140 करोड़ लोग एक स्वर और नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण के साथ आगे बढ़ेंगे तो दुनिया की कोई ताकत विकसित भारत बनने से रोक नहीं सकती है। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी, सांसद, विधायक और भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे। चंदौली की निर्जला देवी ने कहा कि पहले की सरकारों के कार्यक्रम में हम कच्चे मकान में रहते थे। भाजपा सरकार के शासन में पक्का मकान, शौचालय भी मिला। आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज मिल रहा है। फ्री में राशन मिल रहा है। महिला स्वयं सेवी समूह के माध्यम से रोजगार प्राप्त हो रहा है।

पहले खपरैल के मकान में रहते थे, अब पक्का घर

महोबा की श्याम सखी ने कहा कि पहले की सरकारों में हमें कोई मकान नहीं मिला था।

# सुखदेव सिंह हत्याकांड में NIA की छापेमारी, राजस्थान और हरियाणा में 31 जगहों पर रेड



राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की दिसंबर 2023 में जयपुर में हुई हत्या को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को इसकी जांच की जिम्मेदारी दी थी। इसके बाद से ही NIA आरोपियों से पूछताछ और फरार आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने आज राजस्थान और हरियाणा के करीब 31 स्थानों पर छापेमारी की। केस को हाथ में आने के बाद से NIA अब तक कई लोगों से पूछताछ कर चुकी है। पूछताछ में मिली जानकारी के बाद जांच एजेंसी आज यह छापेमारी कर रही है। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की जिम्मेदारी फरार गैंगस्टर रोहित गोदारा ने ली थी। रोहित लॉरेन्स बिश्नोई गैंग से जुड़ा है और उसने कुछ महीने पहले ही गोगामेड़ी को कॉल करके धमकी दी थी। इस हत्याकांड में गैंगस्टर के जुड़े होने की वजह से मामले को एनआईए को सौंपा गया है। आरोपी रोहित राठौर और नितिन फौजी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

# रामलला की प्रतिष्ठा के साथ 2024 में पूरे होंगे 27 बड़े काम, दिखेगी चतुर्दिक विकास की संकल्पना

नए मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ वर्ष 2024 में 27 बड़े प्रोजेक्ट भी पूरे हो जाएंगे। विरासत पर आस्था के हिलोरे लेने के साथ चतुर्दिक विकास की संकल्पना धरातल पर उतरेगी। इनके माध्यम से अयोध्या को वैश्विक नगरी बनाने का सपना साकार होने की दिशा में आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या में आठ परिकल्पनाओं के आधार पर विकास कार्य हो रहे हैं। इसमें अयोध्या को सक्षम, आधुनिक, सुगम्य, सुरम्य, भावात्मक, स्वच्छ और आयुष्मान नगर के रूप में स्थापित करना शामिल है। 30.5 हजार करोड़ से ज्यादा की 178 परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। भाजपा के संकल्प-2023 में तेंदूपत्ता तोड़ने वाले आदिवासी भाईयों के लिए प्रतिमानक बोरा चार हजार करने का संकल्प लिया था। विजयवर्गीय ने बताया कि सरकार ने आज उसके तीन हजार से चार हजार रुपये प्रतिबोरा करने के निर्णय पर मुहर लगा दी है। इस निर्णय से सरकार को लगभग 165 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार आएगा। कैबिनेट में प्रदेश में सड़कों का नेटवर्क बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया है। इसके लिए साढ़े चार हजार करोड़ रुपये के बजट को स्वीकृति दी गई। यह सड़कें केंद्र सरकार के सहयोग से बनाई जाएगी। अभी प्रदेश में पांच लाख 11 हजार किमी सड़कों का जाल है। जनवरी में 394 करोड़ की लागत से चार लेन अयोध्या-अकबरपुर-बसखारी मार्ग, एनएच 27 से रामपथ तक रेलवे समपार, बड़ी बुआ व दर्शन नगर के पास रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण पूरा हो जाएगा। अमानीगंज में मल्टी लेवल पार्किंग व कलेक्ट्रेट के पास स्मार्ट वाहन पार्किंग तैयार हो जाएगी।

## सम्पादकीय

# व्यापार के लिए चुनौती

लाल सागर में एक कमर्शल जहाज पर ड्रोन अटैक हुआ। ये जहाज भारत आ रहा था। जहाज पर अफ्रीकी देश का झंडा लगा हुआ था, लेकिन उसके सभी क्रू भारतीय थे। इससे पहले भी एक जहाज पर अटैक हुआ था। भारत आ रहे एक कमर्शल ऑयल टैंकर पर दक्षिण लाल सागर में रविवार को हुआ ड्रोन हमला हर तरह से खतरनाक है। जहाज पर झंडा भले एक अफ्रीकी देश का था, उसके सारे 25 क्रू मेंबर भारतीय थे। एक दिन पहले शनिवार को अरब सागर में गुजरात तट से महज 200 समुद्री मील दूर एक और जहाज पर हमला हुआ था।

हमले के पीछे: अभी तक किसी ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन अमेरिकी सेंट्रल कमान के मुताबिक रविवार को हुए हमले के पीछे हूती विद्रोहियों का हाथ था, जबकि शनिवार को ऑयल टैंकर फेरी पर ईरान से छोड़े गए ड्रोन ने हमला किया था। वैसे शनिवार को अब सागर में हुए हमले की भारतीय नौसेना ने अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। देखना होगा कि यह जांच किस नतीजे तक पहुंचती है।

हूती विद्रोहियों की कार्रवाई : लाल सागर में रविवार को हुए हमलों को लेकर ज्यादा संदेह इसलिए नहीं है क्योंकि हूती विद्रोही इस इलाके से गुजरने वाले जहाजों पर हमला करते रहे हैं। खासकर, अक्टूबर में हमास-इस्राइल जंग शुरू होने के बाद से यह उनका घोषित स्टैंड रहा है कि वे इस्राइल जाने वाले जहाजों को निशाना बनाएंगे। इस लिहाज से देखा जाए तो हाल के दोनों हमलों का भारत से सीधे तौर पर रिश्ता नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से यह बाकी पूरी दुनिया की तरह भारत के लिए भी गंभीर चिंता की बात है।


सबसे बिजी रूट : चिंता की सबसे बड़ी वजह यह है कि इस्राइल-हमास जंग के कारण हूती विद्रोहियों के निशाने पर आया लाल सागर और स्वेज कैनाल का रूट दुनिया का सबसे बिजी रूट है। सालाना 17000 जहाज इधर से होकर गुजरते हैं। दूसरे शब्दों में हर साल होने वाले कुल वैश्विक व्यापार का 12 फीसदी हिस्सा लाल सागर के जरिए होता है।

बहुत कुछ है दांव पर: जाहिर है स्थिति गंभीर है। लेकिन हूती विद्रोही खुले तौर पर हमास के साथ खड़े हैं। माना जाता है कि उन्हें ईरान का समर्थन हासिल है। व्यवहार में इसका असर यह हुआ है कि इस रूट को अब सुरक्षित नहीं माना जा रहा। इसलिए बड़ी शिपिंग कंपनियां यह रूट लेने में हिचकने लगी हैं।

ग्लोबल इकॉनमी को खतरा : एशिया और यूरोप को जोड़ने वाले इस रूट को छोड़ने का मतलब है केप ऑफ गुड होप वाला वैकल्पिक रूट लेना। लेकिन लाल सागर के मुकाबले वह रूट करीब 3500 समुद्री मील (लगभग 6500 किलोमीटर) ज्यादा लंबा पड़ता है। इस दूरी को नापने में जहाजों को करीब 9 दिनों का अतिरिक्त समय लगता है। यानी माल पहुंचने में देर तो होती ही है ट्रांसपोर्ट का खर्च भी बढ़ जाता है। खास बात यह कि इस रूट से भेजे जाने वाले माल में तेल की भी बड़ी मात्रा रहती है। जाहिर है, पहले ही कई तरह की चुनौतियों से जूझती ग्लोबल इकॉनमी को महंगाई का एक और झटका भारी पड़ सकता है।

# कांग्रेस ने घोषणापत्र-सीट बंटवारे पर की चर्चा, इतनी सीटों पर उतार सकती है अपने उम्मीदवार

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस चुनावी मोड में आ गई है। कांग्रेस ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति, घोषणापत्र और सीट-बंटवारे पर चर्चा शुरू की। इसके साथ ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट मैप को भी अंतिम रूप दिया। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अपनी योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में जुटा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं से कहा कि वे अपने मतभेदों को भुलाकर एकजुट हों और पार्टी लाइन के बाहर संवेदनशील मुद्दों पर बात न करें।




आधे से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का विचार

सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने लगभग आधी लोकसभा सीटों पर पूरी ताकत से ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है, जहां कांग्रेस की जीत की संभावना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कुल सीटों में से आधे से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की सोच रही है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने प्रदेश इकाइयों से उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया शुरू करने और पहली सूची उपलब्ध कराने को कहा है।

उम्मीदवारों की पहली सूची बहुत जल्द

सूत्रों ने बताया कि इस सप्ताह तक सभी राज्यों के लिए स्क्रीनिंग समितियों की घोषणा होने की संभावना है और उम्मीदवारों का चयन तुरंत शुरू हो जाएगा। यह देखते हुए कि पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची बहुत जल्द घोषित करेगी। इसके अलावा पार्टी ने घोषणापत्र तैयार करने के लिए गठित की गई समिति की पहली बार बैठक की। इसमें लोगों के सामने पेश किए जाने वाले पार्टी के वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे में शामिल किए जाने वाले प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई।

सीट बंटवारे पर अंतिम चर्चा

सीट बंटवारे पर पार्टी की समिति ने कांग्रेस अध्यक्ष के साथ उनके आवास पर अंतिम चर्चा की, जहां पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। संयोजक मुकुल वासनिक और सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और भूपेश बघेल वाली समिति ने अंतिम बातचीत की और पार्टी नेतृत्व को आगे का रास्ता सुझाया। कमेटी पहले ही अन्य दलों के साथ सीट-बंटवारे पर सभी राज्य इकाइयों से बात कर चुकी है। एक बयान में खरगे ने कहा, 'हमें एकजुट होना होगा और लोगों के सामने जमीनी मुद्दों पर भाजपा के झूठ, धोखे और गलत कामों का मुंहतोड़ जवाब देना होगा।' उन्होंने नेताओं से कहा, 'अपने मतभेद दूर करने, आंतरिक मुद्दों को मीडिया में नहीं उठाने और एक टीम के रूप में काम करें।' आगामी यात्रा की तैयारियों पर भी जोर देशभर के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने आगामी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा की। 14 जनवरी से शुरू होने वाली के रोड मैप को अंतिम रूप दिया गया है। मणिपुर-मुंबई यात्रा अरुणाचल प्रदेश सहित 15 राज्यों के 100 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं को यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रही है।

# 35 साल की नौकरी में भी हवलदार क्यों नहीं बन पा रहे आईटीबीपी के सिपाही? प्रमोशन को लेकर यहां फंसा है पेंच



भारत-चीन बॉर्डर की सुरक्षा में तैनात आईटीबीपी के कई जवान (फॉलोअर रैंक) पदोन्नति के मोर्चे पर पिछड़ रहे हैं। भले ही 10, 20 और 30 वर्ष में पदोन्नति देने का नियम है, लेकिन आईटीबीपी के फॉलोअर्स रैंक में कुछ जवान ऐसे हैं, जिन्हें 30-35 साल भी हवलदार का पद नसीब नहीं हो सका है। वे तीन दशकों से सिपाही के पद पर काम कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि फॉलोअर्स रैंक के तहत आने वाले जवानों ने डीजी से लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय तक अपनी गुहार लगाई है। खास बात है कि दूसरे बलों में वरिष्ठता के आधार पर फॉलोअर रैंक को पदोन्नति मिल रही है। इन्हें उम्मीद है कि देर सवेर निकलने वाली पदोन्नति सूची में उनका नाम शामिल होगा।

क्या होगी है फॉलोअर रैंक?

फॉलोअर रैंक में कुक, वाटर कैरियर, वॉशरमैन, बार्बर और सफाई कर्मी आदि शामिल होते हैं। सूत्रों ने बताया कि ये रैंक भी मुश्किल जगहों पर ड्यूटी देते हैं। 2009 के दौरान में इस संबंध में दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका लगाई गई थी। सितंबर 2014 में जब अदालत का फैसला आया, तो उसमें 90 दिन के भीतर फॉलोअर रैंक में सिपाही को हवलदार रैंक देने की बात कही गई थी। इसके 10 वर्ष बाद कैडर रिव्यू हुआ। जो पुराने सीनियर बचे थे, वे पदोन्नति का इन्तजार करते-करते 57 व 60 वर्ष की आयु में रिटायर होकर अपने घर चले गए। उन्हें अपनी पूरी नौकरी के दौरान एक भी पदोन्नति नहीं मिल सकी। गत वर्ष अगस्त में कई लोगों का प्रमोशन हुआ था, लेकिन वह भी 10 साल देरी से मिला। फॉलोअर रैंक में शामिल स्टाफ का कहना है कि इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट के आदेशों की अवहेलना हो रही है। दूसरा, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ व बीएसएफ में फॉलोअर रैंक को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति मिल रही है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से 2018 में आरक्षण को लेकर कुछ नियम बदले गए थे, लेकिन उनमें कहा गया गया था कि वे नियम, वरिष्ठता की राह में बाधा नहीं बनेंगे। सफाई कर्मचारियों में कुल 238 हवलदार बनाए जाने थे। इनमें से 135 लोगों को ही पदोन्नति मिल सकी। इस सूची में एससी समुदाय के 35 लोगों को ही हवलदार बनने का मौका मिला। ऐसे कर्मचारी, जो 1988 में भर्ती हुए थे, उन्हें छोड़कर 2007 एवं 2012 तक के कर्मियों को हवलदार बना दिया गया। आईटीबीपी कर्मियों का कहना था, सफाई कर्मचारी भी सभी मोर्चों पर तैनात रहते हैं। वे बॉर्डर पर पेट्रोलिंग पार्टी के साथ हर तरह की मुश्किल ड्यूटी करते हैं। फॉरवर्ड पोस्ट पर तैनात रहते हैं। जब 22 अगस्त 2023 को प्रमोशन लिस्ट आउट हुई, तो ऐसे कई कर्मचारी, हक्के बक्के रह गए। पदोन्नति के लिए सभी तरह की योग्यताएं पूरी करने वालों का नाम सूची से गायब था। पहली बार किसी बल में ऐसा हुआ कि वरिष्ठता को दरकिनार कर उनसे काफी जूनियर रहे कर्मियों को प्रमोशन दे दिया गया। जूनियर और सीनियर के बीच का यह अंतर भी कोई दो चार वर्ष का नहीं, बल्कि 20 से 25 साल का रहा है। कर्मियों का कहना है कि बल के अधिकारी यह तो मानते हैं कि उनके साथ गलत हुआ है, लेकिन इससे आगे कोई आश्वासन नहीं देते। दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी, जिनमें एससी समुदाय से आने वाले कुछ बार्बर और वॉशरमैन हैं, उन्होंने वेलफेयर पोर्टल पर आईटीबीपी डीजी से गुजारिश की है। कर्मियों का आरोप है कि इस बाबत कई जवानों को लिखित नोटिस देकर डराया धमकाया गया है। एक जवान को कारावास की सजा दी गई। 1962 से लेकर 2005 तक सफाई कर्मचारी के पद पर ज्यादातर वाल्मीकि समाज के जवान ही भर्ती होते थे। यह रिकार्ड आईटीबीपी के पास है। आईटीबीपी में फॉलोअर रैंक के करीब 1300 पद हैं। इनमें से कई सफाई कर्मियों को अभी तक पदोन्नति नहीं मिली है। जो पदोन्नति दी गई, उसमें पुराने कर्मियों में से केवल 35 को ही हवलदार बनने का मौका मिला है। 2007 से 2012 के बीच भर्ती हुए लोगों को हवलदार बना दिया गया है। अगर वरिष्ठता के आधार पर सभी को पदोन्नति मिलती है, तो किसी को ऐतराज नहीं होता। 2005 के बाद सभी जातियों के लोग, इस तरह के रैंकों में आने लगे। पदोन्नति की यह समस्या भी तभी से शुरू हुई है। पदोन्नति से वंचित कर्मियों ने पीएम, एमएचए व डीजी को पत्र लिख व ईमेल के माध्यम से अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया है। कर्मियों का कहना है कि अभी पदोन्नति सूची में 99 सीटें बची हैं। जो पदोन्नति मिली है, उनमें एससी समुदाय के 35 लोगों को छोड़कर बाकी दूसरे समुदायों के लोग हैं। अगर बाकी बची 99 सीटों के लिए पुराने लोगों को पदोन्नति मिलती है, तो इस समस्या का हल हो सकता है। हमारे समाज में शराब, सिगरेट, तंबाकू का सेवन आजकल बहुत आम सा हो गया है, लेकिन इसके अलावा भी लोग अलग अलग तरह के नशे करते हैं, जिनमे शराब, अफीम, चरस, गांजा (भांग), हेरोइन व कोकेन जैसे घातक नशीले पदार्थ शामिल है। कुछ लोग खांसी के सिरप, आयोडेक्स और कुछ निद्रकारक गोलियों का इस्तेमाल नशे के रूप में करते हैं।

# दूसरा टेस्ट, दूसरे दिन जीतकर भारत ने की बराबरी

- बुमराह का जलवा, भारत ने केपटाउन में ऐतिहासिक जीत दर्ज की
- दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया, श्रृंखला 1-1 से बराबर की



**भारतीय तेज** गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के जादुई स्पैल से भारत ने टेस्ट इतिहास के अब तक के सबसे छोटे मैच में दक्षिण अफ्रीका पर सात विकेट की जीत से दो मैच की श्रृंखला।-। से बराबर की। भारतीय तेज गेंदबाजी के अनमोल नगीनों में शुमार बुमराह ने गुरुवार को यहां दूसरे और आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन की सुबह ऐसा खतरनाक स्पैल डाला कि दक्षिण अफ्रीका का मध्यक्रम चरमरा गया और ऐडन मार्कराम (103 गेंद में 106 रन) के जुझारू शतक के बावजूद टीम लंच से ठीक पहले दूसरी पारी में 36.5 ओवर 176 रन पर ढेर हो गई जिससे भारत को जीत के लिए 79 रन का लक्ष्य मिला। यह लक्ष्य हालांकि सबसे मुश्किल पिच पर भी बहुत बड़ा नहीं था। युवा यशस्वी जायसवाल (28 रन) हालांकि अपना विकेट गंवा बैठे लेकिन कप्तान रोहित शर्मा (नाबाद 16 रन) और श्रेयस अय्यर (छह गेंद में नाबाद चार रन) ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन बनाकर टीम को पांचवें सत्र के अंदर जीत दिलाई। भारत की न्यूलैंड्स पर सात प्रयासों में यह पहली जीत थी जिसे बुमराह और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन के लिए याद रखा जाएगा। सिराज ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छह विकेट के प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर समेटने में मुख्य भूमिका निभाई थी। रोहित श्रृंखला बराबर होने से महेंद्र सिंह धोनी (2010-11) के बाद दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला ड्रा कराने वाले दूसरे कप्तान बन गए। हालांकि दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है क्योंकि वह इस देश में अब तक कोई भी टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सका है। फेंके गए ओवरों के मामले में यह अब तक का सबसे छोटा टेस्ट मैच रहा जिसमें कुल 106.2 ओवर डाले गए। इससे पहले 1932 में आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच एमसीजी में हुआ टेस्ट सबसे छोटा मैच था जिसमें 109.2 ओवर फेंके गए थे। इसमें आस्ट्रेलिया जीता था। दिलचस्प बात है कि दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी इस मैच की तरह ही तब 23.2 ओवर तक ही चली थी। न्यूलैंड्स स्टेडियम की पिच को अगर आईसीसी मैच रैफरी क्रिस ब्रॉड औसत से नीचे की रेटिंग नहीं देते हैं तो यह हैरानी की बात होगी। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी सलाहकार और पूर्व कप्तान एशवेल प्रिंस ने जब इस पिच को देखा था तो उन्होंने इसे पहले दिन की सबसे तेज पिच करार किया था और वह इसके अनिरंतर उछाल से काफी चिंतित भी थे। न्यूलैंड्स की मेजबान संस्था वेस्ट प्रोविंस क्रिकेट एसोसिएशन वित्तीय रूप से काफी कमजोर है और डेढ़ दिन का मैच उसके लिए घाटे का सौदा ही होगा। कप्तान रोहित के लिए बतौर कप्तान क्रिकेट के चार बड़े देश दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट जीतना शानदार है लेकिन इसमें उनके द्वारा लिए गए फैसलों से उनका कप्तानी कौशल दिखाई दिया। मुकेश कुमार (चार विकेट) को शार्दुल ठाकुर के स्थान पर खिलाना अच्छा फैसला रहा। पहले टेस्ट में सेंचुरियन में मिली पारी और 32 रन की हार के बाद गेंदबाजों ने गेंदबाजी करने की आदर्श लेंथ भी जानी। बुमराह और सिराज ने पहली पारी में जिस तरह पिच के मिजाज को परखा, वह काबिलेतारीफ रहा जो इस बात का उदहारण है कि मौजूदा पीढ़ी करारी हार के बाद भी घुटने नहीं टेकती। गुरुवार को गेंद हालांकि पिच पर उतना उछाल नहीं ले रही थी जितना पहले दिन ले रही थी लेकिन फिर भी मूवमेंट हासिल करने के लिए इस पर काफी कुछ मौजूद था। बुमराह ने बैक ऑफ लेंथ के बजाय पारंपरिक रूप से फुल लेंथ गेंद फेंकी और 13.5 ओवर में 61 रन देकर छह विकेट हासिल किए।

## स्कोरबोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी** :55 रन,भारत पहली पारी : 153 रन ,दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी: मार्करम का शर्मा बो मोहम्मद सिराज 106, एल्गर का कोहली बो मुकेश कुमार 12,डिजोर्जी का राहुल बो मुकेश कुमार 01,स्टब्स का राहुल बो बुमराह 01, बेडिंघम का राहुल बो बुमराह 11,वेरेयने का मोहम्मद सिराज बो बुमराह 09, यानसेन का एवं बो बुमराह 11,महाराज का अय्यर बो बुमराह 03,रबाडा का शर्मा बो प्रसिद्ध कृष्णा 02,बर्गर नाबाद 06, एनगिडी का जायसवाल बो बुमराह 08,**अतिरिक्त** : (बाई।, नोबॉल 5) 6,कुल : 36.5 ओवर में 176 रन पर सभी आउट ,विकेट पतन :।-37, 2-41, 3-45, 4-66, 5-85, 6-103, 7-111, 8-162, 9-162, **गेंदबाजी** : बुमराह 13.5-0-61-6,सिराज 9-3-31-।, कृष्णा 10-2-56-2,कुमार 4-।-27-।

**भारत दूसरी पारी**: जायसवाल का स्टब्स बो बर्गर 28,रोहित नाबाद 17, गिल बो रबाडा 10,कोहली का वेरेयने बो यानसेन 12,अय्यर नाबाद 04, अतिरिक्त : (बाई।, लेगबाई।, नोबॉल।, वाइड 6) 9,कुल : 12 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन ,**विकेट पतन** :।-44, 2-57, 3-75,**गेंदबाजी** : रबाडा 6-0-34-।,बर्गर 4-0-29-।, यानसेन 2-0-15-।

# दक्षिण अफ्रीका से मैच चुनौती भरा, प्रदर्शन पर गर्व : रोहित



**केपटाउन**।रोहित शर्मा के चेहरे पर भारत के दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत पाने का दर्द साफ झलक रहा था लेकिन कप्तान ने कहा कि वे गुरुवार को यहां दूसरे टेस्ट में मिली सात विकेट की जीत पर गर्व महसूस करेंगे। भारत ने सेंचुरियन में श्रृंखला के शुरूआती मैच में पारी और 32 रन से हार के बाद शानदार वापसी की और पांच सत्र के अंदर दूसरे टेस्ट में जीत से दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कराई। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, जब आप दुनिया के इस हिस्से में आते हो तो यहां हमेशा ही मुश्किल होती है लेकिन भारत के बाहर हमें अपने प्रदर्शन पर गर्व है। दक्षिण अफ्रीका हमेशा हमारे लिए चुनौती पेश करता है और यहां आकर जीत हासिल करके हम गर्व महसूस कर सकते हैं। हम श्रृंखला जीतना पसंद करते। हमने बहुत अच्छी वापसी की, विशेषकर हमारे गेंदबाजों ने। हमारी कुछ योजनाएं थीं और खिलाड़ियों को इनका फायदा मिला। हम जानते थे कि यह मैच छोटा होगा, हम जानते थे कि रन मायने रखेंगे इसलिए पहली पारी की बढ़त हासिल करना बहुत ही महत्वपूर्ण था। सेंचुरियन में खराब प्रदर्शन के बाद शानदार वापसी के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह बड़ी उपलब्धि है, लेकिन हमने जो गलतियां की हैं, उनसे सीख लेनी होगी। गेंदबाजों को गेंद को सही लाइन एवं लेंथ पर ही डालनी होगी और गेंदबाजों को इसका फायदा मिला। हमने 100 रन की बढ़त हासिल की लेकिन अंतिम छह विकेट (बिना रन जोड़े) गंवाना अच्छा नहीं था। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने 15 रन देकर छह विकेट झटककर पहले दिन के पहले सत्र में दक्षिण अफ्रीका को 55 रन पर ढेर कर दिया जिससे श्रृंखला बराबर करने वाली जीत की लय बनी।, सिराज का स्पैल ऐसा था जो आपको अकसर देखने को नहीं मिलता। हमने इसे सरल रखा और पिच ने हमारे लिए बाकी काम कर दिया। सिराज और बुमराह को श्रेय दिया जाना चाहिए और मुकेश और प्रसिद्ध को भी जिन्होंने जितना हो सके, उनका सहयोग किया।

### न्यूलैंड्स का हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा: बुमराह

**केपटाउन**। न्यूलैड्स में छह साल पहले अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस स्थल को लेकर काफी भावुक है और सोने पर सुहागा यह रहा कि गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका पर श्रृंखला बराबर करने वाली जीत दर्ज करने के बाद उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। यहां 2018 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले बुमराह ने दूसरी पारी में छह विकेट चटकाए जिससे भारत ने 642 गेंद तक चले टेस्ट इतिहास के सबसे छोटे मैच में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हरा दिया। दो मैच की श्रृंखला में 12 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे बुमराह ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, इस मैदान का हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रहेगा। यहां 2018 में सफर की शुरुआत हुई, हमेशा सुखद यादें रही। बहुत खुशी है कि आज सब अच्छा रहा। हमारी गेंदबाजी इकाई अनुभवी थी और हम प्रभाव डालना चाहते थे। मुझे उम्मीद नही थी कि खेल इतनी तेजी से आगे बढ़ेगा। मैच के पहले दिन 23 विकेट गिरे और भारत को दो मैच की श्रृंखला बराबर करने के लिए 79 रन का मामूली लक्ष्य मिला। भारत ने दूसरे दिन दूसरे सत्र में 12 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया जिससे यह टेस्ट इतिहास का अब तक का सबसे छोटा टेस्ट बन गया।

## बुमराह को लगातार सही लाइन एवं लेंथ से फायदा मिला: तेंदुलकर

**नई दिल्ली**। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने गुरुवार को केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला बराबर करने वाली सात विकेट की जीत के लिए जसप्रीत बुमराह की धारदार गेंदबाजी को श्रेय देते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज को लगातार सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी करने का फायदा मिला। यह इस स्टेडियम में सात प्रयासों में उसकी पहली जीत है। तेंदुलकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की, जिन्होंने हमें दिखाया कि इस तरह के विकेट पर लगातार सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी करना कितना जरूरी है। तेंदुलकर ने साथ ही दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज ऐडन मार्कराम की भी प्रशंसा की। तेंदुलकर ने लिखा, मार्कराम का जज्बा शानदार था क्योंकि इस तरह की पिच पर रक्षात्मक होना ही सर्वश्रेष्ठ आक्रमण होता है।

## महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 टूर्नामेंट आठ जनवरी से

मुंबई। महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 के पहले टूर्नामेंट का आयोजन यहां आठ से 11 जनवरी तक किया जाएगा जिसमें छह टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ के अनुसार पंजाब लायंस, यूपी वारियर्स, मुंबई स्टार्स, दिल्ली बुल्स, हैदराबाद ईगल्स और बेंगलोर बादशाहज की टीम 12 मैच की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के विजेता को एक लाख रुपए की इनामी राशि दी जाएगी जबकि उप विजेता को 50 हजार रुपए मिलेंगे। सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## ओलंपिक क्वालीफायर उत्कृष्टता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है: टिर्की

रांची। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने गुरुवार को कहा कि आगामी महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर खेल के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्टता हासिल करने के प्रयास का प्रमाण है। मेजबान भारत सहित आठ देश यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में 13 से 19 जनवरी तक होने वाले क्वालीफायर में पोडियम पर जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे।टिर्की ने कहा, रांची में एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर खेल के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता हासिल करने के हमारे निरंतर प्रयास का प्रमाण है।

## रियाल मैड्रिड और गिरोना का अजेय अभियान जारी

मैड्रिड। रियाल मैड्रिड और गिरोना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष दो स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। इन दोनों टीम ने बुधवार को अपने-अपने मैच जीते। इससे उनके 19 मैच में 48 अंक हो गए है जबकि तीसरे स्थान की टीम एटलेटिको मैड्रिड के उनसे 10 अंक कम है। रियाल मैड्रिड गोल अंतर में गिरोना से आगे शीर्ष पर काबिज है। रियाल मैड्रिड ने एंटोनियो रुडिगर के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से अपने घरेलू मैदान पर मलोर्का को।-0 से हराया।

# रणजी ट्रॉफी : चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे नए और पुराने खिलाड़ी

**देश के विभिन्न**स्थानों पर शुक्रवार से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में जहां नए खिलाड़ी अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे वहीं कुछ पुराने खिलाड़ी अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए जीजान लगाएंगे। भारत की टेस्ट टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में खिलाड़ी लगभग तय हैं ऐसे में देश की प्रमुख क्रिकेट प्रतियोगिता में कोई असाधारण प्रदर्शन ही चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित कर पाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में बहुत अधिक बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी सीमित ओवरों की क्रिकेट में ही व्यस्त रहेंगे जिसमें आईपीएल और जून में होने वाला टी20 विश्व कप भी शामिल है। रणजी ट्रॉफी में सभी की निगाह अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पर टिकी रहेगी जो अभी भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। यह दोनों खिलाड़ी बड़े स्कोर बनाकर अपनी दावेदारी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। रहाणे 41 बार के चैंपियन मुंबई की अगुवाई भी करेंगे। इसी तरह से पिछले सत्र में सर्वाधिक 990 रन बनाने वाले कर्नाटक के मयंक अग्रवाल भी बड़ी पारियां खेल कर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे। अभी रोहित शर्मा के साथ युवा यशस्वी जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में भारत की तरफ से पारी का आगाज कर रहे हैं। टीम में सलामी बल्लेबाज के दावेदारों में अग्रवाल के अलावा अभिमन्यु ईश्वरन भी शामिल हैं जो रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के कारण अभी टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका में है।

### रणजी ट्रॉफी ग्रुप

एलीट ग्रुप एः सौराष्ट्र, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, विदर्भ, हरियाणा, सर्विसेज, मणिपुर।एलीट ग्रुप बीः बंगाल, आंध्र, मुंबई, केरल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, बिहार।एलीट ग्रुप सीः कर्नाटक, पंजाब, रेलवे, तमिलनाडु, गोवा, गुजरात, त्रिपुरा, चंडीगढ़।एलीट ग्रुप डीः मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बड़ौदा, दिल्ली, ओडिशा, पांडिचेरी, जम्मू और कश्मीर।प्लेट ग्रुपः नागालैंड, हैदराबाद, मेघालय, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश।

# अगले हफ्ते निलंबन को चुनौती देगा डब्ल्यूएफआई

### 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई

**नई दिल्ली**। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) खेल मंत्रालय द्वारा लगाए निलंबन को अगले हफ्ते अदालत में चुनौती देगा और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए उसने 16 जनवरी को यहां कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है। सरकार ने राष्ट्रीय खेल संहिता और डब्ल्यूएफआई संविधान के उल्लंघन का हवाला देते हुए 24 दिसंबर को नवनिर्वाचित संस्था को महासंघ के चुनाव के तीन दिन बाद निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई कह चुका है कि वह न तो निलंबन को स्वीकार करता है और न ही कुश्ती का कामकाज देखने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित तदर्थ पैनल को मान्यता देता है। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने पीटीआई से कहा, हमें सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है। हम इस मामले को अगले हफ्ते अदालत में ले जा रहे हैं। हमें यह निलंबन स्वीकार्य नहीं है क्योंकि हमारा चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से हुआ था। हमने 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है। वाराणसी के संजय सिंह ने बताया कि तदर्थ पैनल मुश्किल की घड़ी में काम करने के लिए किस तरह ठीक नहीं था। आपने देखा होगा कि जगरेब ओपन के लिए किस तरह टीम की घोषणा की गई थी। पांच वजन वर्गों में प्रतिनिधित्व ही नहीं था। उचित महासंघ के बिना ऐसा ही होगा।

दैनिक सिटी न्यूज़ मुंबई
CITY NEWS MUMBAI
गुरूवार, 04 जनवरी 2024, ठाणे, मुंबई



# चीनके ग्लोबल टाइम्सने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को सराहा

## ■ फ़ूदान विवि के सेंटर फ़ार साउथ एशियन स्टडीज के निदेशक जांग जियादोंग के लिखे लेख में भारत के आर्थिक विकास की तारीफ की गई

प्रमुख चीनी समाचार पत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने एक लेख प्रकाशित किया है, जिसमें उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक विकास, सामाजिक शासन और विदेश नीति में भारत के बढ़ते कदमों की प्रशंसा की है।

इस लेख को शांघाई स्थित फ़ूदान यूनिवर्सिटी के सेंटर फ़ार साउथ एशियन स्टडीज के निदेशक जांग जियादोंग ने लिखा है, जिसमें उन्होंने पिछले चार वर्षों के दौरान भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित किया है। आलेख में भारत के जोरदार आर्थिक विकास, शहरी प्रशासन में आए सुधारों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों, खासतौर से चीन के साथ भारत के सम्बन्धों में आए बदलावों को स्वीकार किया गया है। लेखक कहते हैं, 'उदाहरण के लिए, जब चीन और भारत के बीच के व्यापार असंतुलन की चर्चा होती थी, तब भारतीय प्रतिनिधि पहले व्यापार असंतुलन को कम करने के चीन के उपायों पर ही जोर डालते थे। लेकिन, अब वे भारत की निर्यात क्षमता पर ज्यादा जोर देने लगे हैं।'

लेख में भारत के रणनीतिक विश्वास की भी सराहना की गई है। लेखक का कहना है कि अपने तेज आर्थिक और सामाजिक विकास के दम पर भारत रणनीतिक रूप से विश्वास से भरा है तथा 'भारत विमर्श' की रचना व विकास के लिए पहले से अधिक सक्रिय हो गया है। वे कहते है, 'राजनीतिक और सांस्कृतिक पैमाने पर, भारत जहां पहले पश्चिम के साथ लोकतांत्रिक सहमति बनाने पर जोर देता था, अब वहीं वह लोकतांत्रिक राजनीति में 'भारतीय विशेषता' पर जोर देता है। मौजूदा समय में, लोकतांत्रिक राजनीति की भारतीय जड़ों पर पहले से ज्यादा जोर दिया जा रहा है।' लेखक का कहना है कि यह बदलाव भारत की ऐतिहासिक औपनिवेशिक छाया से बाहर निकलने और खुद को राजनीतिक व सांस्कृतिक तौर पर एक विश्वस्तरीय प्रभावशाली देश के रूप में स्थापित करने की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। इसके अलावा, इस लेख में प्रधानमंत्री मोदी के तहत भारत की रणनीतिक विदेश नीति की सराहना की गई है और भारत के बहुस्तरीय-जुड़ाव वाले दृष्टिकोण तथा



अमेरिका, जापान एवं रूस जैसी प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर प्रकाश डाला गया है। इसमें रूस-यूक्रेन संघर्ष के मुद्दे पर भारत के बारीक रुख को भी रेखांकित किया गया है।

लेख के अनुसार विदेश नीति के मामले में भारत की रणनीतिक सोच में बदलाव आया है तथा वह स्पष्ट रूप से एक महान शक्ति वाली रणनीति की तरफ बढ़ रहा है। प्रोफेसर जांग कहते हैं कि जब से मोदी ने सत्ता संभाली है, उन्होंने अमेरिका, जापान, रूस व अन्य देशों व क्षेत्रीय संगठनों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ावा देने हेतु जुड़ाव वाली रणनीति की हिमायत की है।'

# दाल पैदावार में आत्मनिर्भर बनेगा भारत

## ■ जनवरी 2028 से नहीं करना पड़ेगा दाल आयात ■ अमित शाह ने पेश किया तुअर दाल खरीद मंच

## ■ इस मंच पर रजिस्ट्रेशन कराकर अपनी फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी संस्थाओं को बेच सकेंगे देश के किसान

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को तुअर दाल खरीद मंच पेश किया और कहा कि दिसम्बर 2027 तक देश को दालों में आत्मनिर्भर बन जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही कहा कि हम जनवरी 2028 से एक किलोग्राम दाल भी आयात नहीं करेंगे।

इस मंच पर किसान पंजीकरण करा सकते हैं और अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य या बाजार मूल्य पर एनएएफईईडी और एनसीसीएफ को बेच सकते हैं। शाह ने कहा कि भविष्य में उड़द और मसूर दाल के किसानों के साथ-साथ मक्का किसानों के लिए भी इसी तरह की सुविधा शुरू की जाएगी। मंत्री ने मंच के माध्यम से तुअर की बिक्री के भुगतान के लिए 25 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिए करीब 68 लाख रुपये हस्तांतरित भी किए।

सहकारी राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (एनएएफईईडी) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) 'बफर' भंडार बनाए रखने के लिए सरकार की ओर से दालों की खरीद का काम करते हैं। मंत्री ने कहा कि बुआई से पहले तुअर किसान



न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर एनएएफईईडी और एनसीसीएफ को अपनी उपज बेचने के लिए मंच पर पंजीकरण कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पंजीकृत तुअर किसानों के पास एनएएफईईडी/एनसीसीएफ या खुले बाजार में बेचने का विकल्प होगा। अगर तुअर दाल का खुले बाजार में मूल्य एमएसपी से अधिक रहता है, तो उस स्थिति में एक विधि के जरिए औसत दर निकाली जाएगी।

शाह ने कहा कि अधिक किसान दालों की खेती नहीं कर रहे हैं क्योंकि कीमतें सुनिश्चित नहीं हैं। मंच के जरिए खरीद के साथ यह पहल कृषि क्षेत्र में एक बड़ा सुधार लाएगी और दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, 'तुअर की खरीद किसानों से की जाएगी और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है।'

शाह ने कहा कि देश अब भी चना और मूंग को छोड़कर कई प्रकार की दालों के लिए आयात पर निर्भर है। मंत्री ने कहा, 'दिसम्बर 2027 तक देश को दालों में आत्मनिर्भर बन जाना चाहिए। हम जनवरी 2028 से एक किलोग्राम दाल भी आयात नहीं करेंगे।' उन्होंने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस), किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) तथा प्रगतिशील किसानों से मंच के बारे में जागरूकता फैलाने और किसानों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य में दो गुना से अधिक की वृद्धि के दम पर पिछले 10 वर्षों में दालों का उत्पादन 2013-14 फसल वर्ष (जुलाई-जून) में 1.92 करोड़ टन से बढ़कर 2022-23 में 2.605 करोड़ टन हो गया है। हालांकि, दालों का घरेलू उत्पादन अब भी खपत से कम है और आयात पर निर्भर है। इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा और उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री अश्विनी चौबे भी उपस्थित रहे।

# जियो के 31.59 लाख यूजर्स बढ़े



■ संकटग्रस्त कंपनी वीआई को नहीं मिली किसी तरह की राहत, ग्राहक संख्या 20.44 लाख घटी

भारत के सबसे बड़े दूरसंचार संचालक रिलायंस जियो ने अक्टूबर 2023 में 31.59 लाख मोबाइल उपयोगकर्ता जोड़े, जबकि प्रतिद्वंद्वी भारती एयरटेल के ग्राहकों की संख्या में 3.52 लाख का इजाफा हुआ। ट्राई के मासिक ग्राहक आंकड़ों में यह बात सामने आई। वहीं संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को कोई राहत नहीं मिली। अक्टूबर में उसने 20.44 लाख वायरलेस ग्राहक खोए। आंकड़ों के अनुसार, जियो के साथ अक्टूबर में 31.59 लाख नए उपयोगकर्ता जुड़े और उसके कुल ग्राहकों की संख्या बढ़कर 45.23 करोड़ हो गई। सितंबर में उसके 44.92 करोड़ ग्राहक थे। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली एयरटेल के ग्राहकों की संख्या में अक्टूबर में 3.52 लाख की बढ़ोतरी हुई और कुल ग्राहकों की संख्या 37.81 करोड़ हो गई। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के ग्राहकों की संख्या अक्टूबर में घटकर 22.54 करोड़ हो गई। नकदी की कमी से जूझ रही वीआईएल धन जुटाने की समस्या और ग्राहकों की लगातार घटती संख्या से जूझ रही है।

# सेंसेक्स में 491 अंक की बढ़त दर्ज

■ सत्र की समाप्ति पर 71848 पर बंद

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले दो दिन से जारी गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 491 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस में लिवाली से बाजार में मजबूती रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 490.97 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 598.19 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 141.25 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,658.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस सर्वाधिक 4.44 प्रतिशत और एनटीपीसी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, पावर ग्रिड, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही।



दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारु ति और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को नुकसान में रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.92 प्रतिशत चढ़कर 78.97 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 666.34 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे थे।

# 2005 में भर्ती सरकारी बाबुओं को पुरानी पेंशन योजना का विकल्प

मुंबई। एक नवंबर 2005 के पूर्व के विज्ञापन के अनुसार 1 नवंबर 2005 या उसके बाद सरकारी सेवा में शामिल हुए सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का विकल्प देने का निर्णय कैबिनेट बैठक में लिया गया। ऐसे सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को केंद्र सरकार की तर्ज पर महाराष्ट्र सिविल सेवा पेंशन नियम 1982, महाराष्ट्र सिविल सेवा पेंशन नियम 1984 और सामान्य भविष्य निधि और सहायक नियमों के प्रावधान लागू करने के लिए वन टाइम ऑप्शन (time option) दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार तकरीबन 26 हजार सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों और शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना चुनने का विकल्प मिलेगा। संबंधित सरकारी




अधिकारियों, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना व इससे संबंधित नियम लागू करने का निर्णय जारी होने के बाद 6 माह के भीतर विकल्प को चुनना होगा। राज्य के अधिकारी, कर्मचारी 6 माह की इस अवधि के भीतर पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का विकल्प नहीं चुनते, वे नई अंशदान पेंशन योजना के अधीन बन रहेंगे। अधिकारियों, कर्मचारियों की तरफ से पहला दिया हुआ विकल्प अंतिम होगा।

मंत्रालय के क्लर्क-टाइपिस्टों को प्रतिमाह 5 हजार रुपए का भत्ता

कैबिनेट बैठक में मंत्रालय के क्लर्क टाइपिस्टों (clerk typists) को प्रतिमाह 5 हजार रुपए का एकमुश्त भत्ता देने का निर्णय लिया गया। मंत्रालय के कामकाज की विशिष्ट प्रकृति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके लिए 11 करोड़ 34 लाख 60 हजार रुपए के खर्च को मंजूरी प्रदान की गई। मंत्रालय के सभी प्रशासनिक विभागों में फिलहाल क्लर्क-टाइपिस्टों की संख्या 1891 है और उन्हें इसका फायदा मिलेगा। मंत्रालय में नवनियुक्त क्लर्क-टाइपिस्ट अपर्याप्त और महंगी आवास सुविधाओं, रोजाना की यात्रा, मुंबई महापालिका क्षेत्र सहित आसपास के उपनगरों में किराए के घर उपलब्ध न हो पाने की वजह से बेहद कम समय में नौकरी छोड़ देते हैं। ऐसे में यह निर्णय लिया गया।

अब दो साल अविश्वास प्रस्ताव नहीं कैबिनेट बैठक में सहकारी संस्थाओं के अधिकारियों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की अवधि को बढ़ा दिया गया है।

## कथित कोविड सेंटर घोटाले में एफआईआर, अबतक कोविड घोटाले से संबंधित छह मामले दर्ज

कोविड सेंटरों को बीएमसी को हस्तांतरित किया जाना था, लेकिन बीएमसी अधिकारियों ने मुलुंड और के कोविड सेंटरों को जारी रखने की जिम्मेदारी दे दी। यह जानकारी गोम्स को मौखिक तौर पर दी गई। इसे बीएमसी को हस्तांतरित करने के बाद किराया मांगने के लिए बेईमानी से गलत जानकारी बीएमसी को सौंपी गई। बीएमसी के संबंधित अधिकारियों ने ठेकेदारों और विक्रेताओं के साथ साजिश रची और इस पूरे कदाचार को अंजाम दिया। बीएमसी अधिकारियों ने अपने अधिकार का दुरुपयोग किया और जानबूझकर गलत भुगतान स्वीकृत किया। इसके बदले में ठेकेदार को 37 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ। शिकायत में कहा गया कि इससे सरकार को नुकसान हुआ। इस मामले में ठेकेदार राहुल गोम्स (Rahul Gomes) और उनके विक्रेताओं, मुंबई महानगर पालिका के तत्कालीन संबंधित अधिकारियों के खिलाफ साजिश, फर्जी दस्तावेज तैयार करना, उनका दुरुपयोग करना, धोखाधड़ी जैसी विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। कोविड काल में हुए घोटालों पर ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज की गई यह छठी एफआईआर है। इससे पहले लाइफ लाइन हॉस्पिटल, बॉडी बैग घोटाला, ऑक्सीजन बैग घोटाला, खिचड़ी घोटाला और रेमडेसिविर घोटाले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राहुल गोम्स को दिए गए कॉन्ट्रैक्ट का सत्यापन भी किया। गोम्स की कंपनी ने कोविड अस्पतालों में बेड, पंखे, टेंट और अन्य सुविधाएं मुहैया कराईं। जब ईडी को धांधली की जानकारी मिली तो उन्होंने इससे जुड़े दस्तावेज मुंबई पुलिस को दिए। उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर ईओडब्ल्यू ने इस मामले की प्रारंभिक जांच शुरू की थी। शुरुआती जांच में मिले सबूतों के आधार पर बुधवार को इस मामले में एफआईआर (FIR) दर्ज कर ली गई है।

## शहर के धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने व संपूर्ण क्षेत्र में रोशनी (लाइटिंग) लगाने की मांग

कुमार पवार को लिखित पत्र द्वारा अवगत कराते हुए बताया है कि जिस प्रकार 11 दिसंबर को मैराथन के रूट पर सभी चौक और स्ट्रीट लाइट (Street lights) के पोल को तिरंगा का रूप देकर रोशनी से सजाया गया था। इसी प्रकार 22 जनवरी को वसई विरार महानगरपालिका क्षेत्र के सभी चौक और स्ट्रीट लाइट पोल को रोशनीमय करने का आदेश संबंधित विभाग (विधुत विभाग) को दिया जाए। इसी प्रकार यह रोशनी 26 जनवरी तक कार्यरत रखने का आदेश दिए जाए,ताकि हमारा शहर गणतंत्र दिवस के अवसर पर भी रोशनिमय बना रहे।ऐसी मांग बारोट ने आयुक्त से की है। इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पहले यानी की 14 से 22 जनवरी के बीच सभी धार्मिक स्थलों की उस परिसर में स्वच्छता अभियान चलाने का अपील देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (Prime Minister Narendra Modi) ने सभी देशवासियों को किया है।इस विषय को लेकर भी बारोट ने मनपा आयुक्त को लिखित पत्र के माध्यम से ध्यान केंद्रित कराते हुए मांग की है कि,14 से 22 जनवरी और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होने के बाद सभी धार्मिक स्थलों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का आदेश स्वच्छता विभाग को दिया जाए।

## महानंदा मिल्क की 27 एकड़ जमीन पर गुजरात लॉबी की नजर! हम चुप नहीं बैठें गे संजय राउत

ऐसा कुछ नहीं होने देगी। संजय राउत ने आगे कहा कि परजाने नाम के व्यक्ति की मध्यस्थता से महानंदा की जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है। यहां महानंदा के कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिला है, आंगनबाडी सेविकाओं को पेंशन नहीं मिल रही है। दूसरी ओर, सरकारी जमीन को गुजरात लॉबी के गले उतारने की कोशिश की जा रही है। राउत ने कहा, महानंदा की जमीन मुंबई में प्रमुख स्थान पर है। राउत ने उठाया ये सवाल कि गुजरात लॉबी से डील करके महाराष्ट्र के मंत्रियों को क्या मिलेगा? उन्होंने कहा कि महानंदा संस्था और उसकी जमीन को बचाने के लिए शिव सेना संघर्ष करेगी। इस बीच संजय राउत बुधवार को भी इस संबंध में आवाज उठाने वाले थे। मंत्री विखे पाटिल ने उन आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा था कि महानंदा का प्रशासन गुजरात चला जायेगा, यह गलत है। महानंदा एनडीडीबी को नहीं सौंपेंगे। कुप्रबंधन के कारण संगठन संकट में पड़ गया और राज्य के प्रमुख दुग्ध संघ से इसे चलाने का अनुरोध किया गया। श्एनडीडीबी गुजरात का संगठन नहीं है। हम महानंदा संस्था को उनके नियंत्रण में नहीं देंगे।

## विश्व आर्थिक सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

कहा कि गत वर्ष हमें बहुत बढ़िया प्रतिसाद मिला था। 1 लाख 37 हजार करोड़ रुपए के पूंजी निवेश को लेकर समझौते हुए जिसमें से 76 प्रतिशत समझौतों पर कारगर तरीके से अमल हुआ है और ये अभी कार्रवाई के अलग-अलग चरण में है, जो संतोषजनक बात है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी दावोस में हमें महाराष्ट्र की प्रभावशाली ढंग से ब्रांडिंग करने का अवसर मिला है। इस्पात, सूचना प्रौद्योगिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से संबंधित उद्योग, ऊर्जा तथा नवीनीकरण ऊर्जा स्रोत, ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र से संबंधित उद्योग महाराष्ट्र में आएंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि महाराष्ट्र में उद्योगों के लिए इकोसिस्टम काफी अच्छा है और उद्योग विश्व को भी इसकी जानकारी है। इस कारण इस सम्मेलन का पूरा लाभ लिया जा सकेगा। उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि इस पूंजी निवेश सम्मेलन में विश्व भर से और विभिन्न क्षेत्रों से नई कंपनियों का प्रतिसाद मिलेगा और इसके लिए समन्वय बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री शिंदे को 'राउंड टेबल' चर्चा के समय अपने विचार रखने का निमंत्रण दिया गया है। दिव्यांग लाभार्थियों को उपकरणों का वितरण मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे (Eknath Shinde) द्वारा वर्षा सरकारी आवास पर दिव्यांग लाभार्थियों (disabled beneficiaries) को दिव्यांगों के लिए उपयोगी विभिन्न उपकरण एवं साधन सामग्री के सेट वितरित किए गए। इस उपक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री जन कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। 26 दिव्यांग लाभार्थियों को बैटरी चालित तिपहिया साइकिल, चिकित्सा उपकरणों का सेट (कम्यूनिटी मेडिकल किट) जैसी सामग्री वितरित की गई। महाराष्ट्र में सामाजिक उत्तरदायित्व निधि से (सीएसआर) लोकोपयोगी नियोजन हो, इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन कल्याण कक्ष की स्थापना की गई है। इस कक्ष का प्रयास है कि इस क्षेत्र में हो रहे काम को अधिक से अधिक लाभार्थियों तक तेजी से पहुंचाया जाए। इसी उद्देश्य के तहत आज इन उपकरणों और साधन सामग्री का वितरण किया गया। इन्वेंशिया फार्मा, अजंता फार्मा, इम्यूक्योर फार्मा और सैंडोज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इन कंपनियों ने वितरित किए गए उपकरणों के लिए सहयोग किया है।

पृष्ठ 1/8 का शेष

## राज्य सरकार का बड़ा फै सला

विकास हेतु "रेशम समग्र 2" योजना लागू करना। रेशम किसानों को बड़ा फायदा. (कपड़ा उद्योग विभाग) अंगूर उत्पादकों के लाभ के लिए शराब उद्योग प्रोत्साहन योजना सात वर्षों के लिए लागू की जाएगी। (उद्योग विभाग) नांदेड़-बीदर नई ब्रॉड गेज परियोजना को गति देंगे। 750 करोड़ की मंजूरी. (परिवहन विभाग) सहकारी समितियों के अधिकारियों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की अवधि बढ़ाई गई। (सहकारिता विभाग) वादा पूरा करेंगे- गिरीश महाजन कर्मचारी संगठन पुरानी पेंशन (old pension) को तत्काल लागू करने की मांग कर रहे हैं. मंत्री गिरीश महाजन ने कहा, हमारे अधिकारी काम कर रहे हैं. हमारी सरकार ने उनकी मांगें मानने का वादा किया है. उनकी जो मांगें हैं. हम उन्हें पूरा करने का प्रयास करते रहेंगे।'

## क्रोफेड मार्केट के सामने

घंटे 70 रुपया शुल्क होने के बावजूद वाहन चालकों से ठेकेदार 300 रूपया तक प्रति घंटा का वसूल करता था ।उन्होंने बताया कि पिछले दिनो मनपा के एक इंजिनियर को भेजकर इसकी जांच की गई। पिछले दिनो मुलुंड के एक वाहन चालक से कुछ मिनट के लिए वाहन खड़ी करने के लिए जगह मांगी। ठेकेदार ने पहले 150 रुपया मांगा लेकिन समझौता करते हुए 100 रुपया में पार्किंग करने के लिए दिया ।मनपा प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार मनपा ने इस परिसर के ठेका सदा फूले नामक महिला बचत गट को दिया गया था। महिला बचत गट ने खुद पे एंड पार्किंग न चलाते हुए दूसरे ठेकेदार को ठेका सौप दिया था ।उक्त ठेकेदार को अवैध वसूली के मामले में मनपा ने पिछले महीने ठेकेदार पर 6 हजार का दंड लगाया था इतना ही नही उसके बाद 19 दिसंबर को मनपा ने 9 हजार का दंड लगाया। ठेकेदार पर अवैध वसूली के मामले में बार बार दंड लगाए जाने और उसे नोटिस देने के बावजूद ठेकेदार अवैध वसूली से बाज नहीं आ रहा था ।मनपा अ वार्ड के अधिकारियो ने बताया की ठेकेदार पर 3 जनवरी 2024 को 50 हजार का दंड लगाया गया । इसके बाद भी ठेकेदार द्वारा की जा रही अवैध वसूली से परेशान हो कर मनपा ने उसका ठेका ही रद्द कर दिया। मनपा प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि नए ठेकेदार की नियुक्ति होने तक वाहन चालकों को मुफ्त में वाहनों की पार्किंग करने की छूट दी गई है ।जयदीप मोरे ने कहा कि ठेकेदार से ठेका रद्द करते हुए ठेकेदार को मनपा में ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई शुरू की गई है।उन्होंने बताया कि मनपा अ वार्ड ने पार्किंग विभाग के अधिकारीयों को इसकी जानकारी दी है और नया ठेकेदार की नियुक्ति करने का गुहार लगाई है। नए ठेकेदार की नियुक्ति तक मुफ्त में वाहनों को पार्किंग करने की छूट दी हैं। मोरे ने कहां की ठेकेदार पर अवैध वसूली मामले में अभी मनपा की ओर से कार्रवाई की गई है और उसका ठेका रद्द किया गया है इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली करता पाया गया तो पुलिस में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

## बीजेपी किस आधार पर 400

तस्वीर अलग है. बीजेपी सत्ता में है और उसने सत्ता अपने हाथ में बनाए रखने के लिए आक्रामक अभियान चलाया है. शरद पवार ने आरोप लगाया कि बीजेपी जर्मनी में हिटलर के प्रचार तंत्र की तरह काम कर रही है. उन्होंने कहा कि बीजेपी लगातार कह रही है कि हम 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे, लेकिन दक्षिण भारत में बीजेपी नहीं है, हालांकि कुछ जगहें हैं, वो अपने दम पर नहीं हैं. गोवा में कांग्रेस की सरकार थी, लेकिन बीजेपी ने विधायकों को तोड़कर वहां सत्ता स्थापित कर ली. इसलिए शरद पवार ( Sharad Pawar) ने विश्वास जताया कि देश में बीजेपी के लिए अनुकूल माहौल नहीं है. लोगों को एहसास हुआ कि बीजेपी ने धोखा दिया शरद पवार ने कहा कि BJP के सत्ता में आने के बाद उन्होंने कई घोषणाएं कीं. लेकिन इसे पूरा न कर सिर्फ धोखा दिया गया और लोगों को अब इस बात का एहसास हो रहा है. शरद पवार ने कहा कि बीजेपी ऐसी नीति बनाती है कि सांसद दंग रह जाते हैं, लेकिन किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई, शहरी इलाकों में लोगों को घर नहीं मिले आदि.

## स्के च आर्टि स्ट के साथ धोखाधड़ी,

पर एफआईआर दर्ज किया गया है, जिनके नाम राजेंद्र कसारे, संदीप पवार और रंजन कुमार महालेक है। शिकायतकर्ता स्केच आर्टिस्ट हैं और लगातार कई स्केच बना चुके हैं। उनकी मुलाकात उनके चाचा पांडुरंग जाधव ने संदीप पवार नामक शख्स से करवाई। चुकी शिकायतकर्ता ने रेलवे बोर्ड में टीसी की परीक्षा दी थी, इस वजह से उसने नौकरी पाने के लिए कई लोगों से संपर्क किया। जिसके बाद संदीप जाधव (Sandeep Jadhav) से मुलाकात होने पर नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया गया। लेकिन नौकरी के लिए पैसे तो लिए गए पर नौकरी नहीं दिलवाई गई। जिसके बाद शिकायतकर्ता को पता चल गया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इसपर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया और जांच शुरू कर दी है। टीसी की नौकरी के लिए लिया पैसा प्राप्त जानकारी के मुताबिक रेलवे विभाग में टीसी भर्ती प्रक्रीया (TC Recruitment Process) के लिए परीक्षा हुई थी। जिसके बाद शिकायतकर्ता नौकरी मिलने की उद्देश्य से रिश्तेदार के जरिये आरोपी संदीप कुमार तक पहुंचा। जहां उसने नौकरी दिलवाने के लिए उसके एक दोस्त की मदद ली जिसने शिकायतकर्ता को बताया कि नौकरी के लिए 10 लाख रुपयों की मांग की। लेकिन बातचीत के बाद बात 7 लाख रुपये में तय हुई। लेकिन पैसे देने के बाद भी नौकरी नहिं मिली तब उसने मामले में एफआईआर दर्ज करवाया है।

दैनिक सिटी न्यूज मुंबई

गुरूवार, 04 जनवरी 2024, ठाणे, मुंबई



# शासन आप के दार के तहत भाजपा द्वारा 250 महिलाओं में निःशुल्क राशन कार्ड वितरण



सिटी न्यूज मुंबई/गनी खान भिवंडी राशन कार्यालय में अक्सर भ्रष्टाचार का रोना लगा रहता है जिस कारण गरीब परिवारों को राशन कार्ड संबंधित काम कराने के लिए अक्सर दलालों के चंगुल में फंसते देखा जाता है। इन भ्रष्ट नीतियों पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा शासन आप के दार उपक्रम चलाया जा रहा है। जिस के तहत भिवंडी शहर भाजपा पूर्व विधानसभा चुनाव प्रमुख संतोष शेट्टी ने उक्त अभियान के माध्यम से पद्मनगर के 250 परिवारों को मुफ्त राशन कार्ड मुहैय्या कराया जिसे चुनाव प्रमुख संतोष शेट्टी के शुभ हाथों इन परिवारों में वितरित किया गया। बता दें कि पूर्व विधानसभा चुनाव प्रमुख संतोष शेट्टी के जनसंपर्क कार्यालय में एक विशेष कक्ष शुरू किया गया है, जहां राकेश मंडल ने क्षेत्र के निवासियों के लिए आवश्यक दस्तावेज, राशन कार्ड और अन्य सरकारी प्रमाण पत्र प्राप्त कराने में कड़ी मेहनत कर रहें है ताकि राशन कार्ड बनाने के लिए नागरिकों को वित्तीय बोझ और कष्ट न उठाना पड़े। क्युकी अक्सर देखा गया है की आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए लोगों को सरकारी कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। नागरिकों को परेशानी और वित्तीय खर्च से बचाने की भावना से यह कार्य संतोष शेट्टी के जनसंपर्क कार्यालय में जारी रखा गया है। संतोष शेट्टी ने बताया कि नागरिकों के पास राशन कार्ड ना होने के कारण ऐसे परिवारों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। लेकिन मेरे प्रयास से अब तक 600 से अधिक राशन कार्डों के साथ विभिन्न प्रमाण पत्र लोगों में वितरित किया जा चुका है जिस से इन परिवार वाले सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

# 22 जनवरी को सार्वजनिक छुट्टी की मांग



मुंबई। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में श्री रामलला विराजमान होंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित किया गया है। राज्य के कैबिनेट मंत्री और मुंबई उपनगर के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने एक पत्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उस दिन महाराष्ट्र में सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने का अनुरोध किया है। मंत्री लोढ़ा ने कहा कि दिवाली मनाने का एक कारण यह भी है कि भगवान श्रीराम रावण को मारकर अयोध्या लौटे थे। आज 500 साल बाद भगवान श्रीराम फिर से अयोध्या लौटेंगे, यानी दिवाली है और इस दिवाली को हमारे राजा राम के स्वागत के लिए खुशी के साथ मनाया जाना चाहिए। इसके लिए मैंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर पूरे महाराष्ट्र में छुट्टी की घोषणा करने का अपील की है। उन्होंने कहा कि श्रीराम समूचे भारत के आदर्श हैं। अयोध्या का मंदिर सिर्फ एक मंदिर नहीं, बल्कि एक राष्ट्र मंदिर है। इसलिए पत्र में अनुरोध किया गया है कि 22 जनवरी को अयोध्या नगरी में रामलला के विराजमान होने के अवसर पर महाराष्ट्र में सार्वजनिक छुट्टी होनी चाहिए, जो संपूर्ण हिंदू समाज की मांग है। पूरे प्रदेश में दीपोत्सव मनाने का निर्देश देते हुए सार्वजनिक दीपोत्सव की अनुमति देने का भी अनुरोध मंत्री लोढ़ा ने किया है।

# स्केच आर्टिस्ट के साथ धोखाधड़ी, टीसी की नौकरी पाने के लिए दिए पैसे, आरोपी हुआ फरार




मुंबई : स्केच आर्टिस्ट को टीसी की नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लेने वाले गिरोह के खिलाफ वर्ली पुलिस ने एफआईआर (FIR) दर्ज किया है। आरोपी ने नौकरी दिलवाने के लिए सात लाख रुपये भी लिए, यही नहीं उन्हें एक नियुक्ति पत्र भी दिखाया गया था और कहा गया कि नौकरी मिल गई है लेकिन अलग अलग कारण बताकर नियुक्ति पत्र नहीं दिया जा रहा था। जिसके बाद इसकी शिकायत वर्ली पुलिस थाने में कई गई और अब एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मामले में तीन लोगों शेष पृष्ठ 7 पर

# शहर के धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने व संपूर्ण क्षेत्र में रोशनी (लाइटिंग) लगाने की मांग

वसई, राम मंदिर में राम लला की मूर्ति स्थापना (Installation of statue of Ram Lalla) 22 जनवरी 2024 होने वाला है, ऐसे में वसई-विरार शहर के धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने व संपूर्ण क्षेत्र में रोशनी (लाइटिंग) लगाने की मांग भाजपा जिलाउपाध्यक्ष मनोज बारोट (Manoj Barot) ने वसई विरार शहर महानगरपालिका आयुक्त से की है।उन्होंने इस संबंध में आयुक्त को लिखित पत्र भी दिया है। मनोज बारोट ने कहा है कि,पिछले 500 साल से देश के सभी सनातनी जिसकी प्रतीक्षा कर रहे थे,वह प्रतीक्षा 22 जनवरी 2024 को पूर्ण होने जा रही है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम



(Prabhu Shri Ram) एक टेंट से निकलकर भव्य एवं दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे। यह दिन हिंदुस्तान के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जायेगा,यह दिन पूरे भारतवर्ष में दीपावली पर्व की तरह मनाया जाएं ऐसा प्रण सभी सनातनियों ने लिया है।इसलिए इस अवसर पर संपूर्ण देश में यानी की एक छोटी-सी बस्ती,गांव हो या शहर हर जगह इस उत्सव की जगमगाहट देखने को मिलेगी। इस उत्सव दरम्यान वसई तालुका में भी रोशनी की कही भी कमी महसूस न हो इस उद्देश से भाजपा वसई विरार जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट ने वसई विरार शहर महानगरपालिका आयुक्त अनिल शेष पृष्ठ 7 पर

# कथित कोविड सेंटर घोटाले में एफआईआर, अबतक कोविड घोटाले से संबंधित छह मामले दर्ज

मुंबई : आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने दहिसर और मुलुंड (Dahisar and Mulund) में बने जंबो कोविड केंद्रों में कथित अनियमितताओं के संबंध में ताड़देव पुलिस स्टेशन (Tardeo Police Station) में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। ईओडब्ल्यू (EOW) के एक अधिकारी ने कहा कि फर्जी दस्तावेजों और गलत जानकारी के आधार पर 37 करोड़ रुपये का गबन किया गया और ओक्स मैनेजमेंट कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के ठेकेदार राहुल गोम्स और महानगर पालिका के तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में ईओडब्ल्यू की असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर शिल्पा ठेंगे ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, मेसर्स ओक्स मैनेजमेंट कंसल्टेंसी प्रा. लिमिटेड के निदेशक राहुल गोम्स ने दहिसर और मुलुंड में



जंबो कोरोना केंद्र (Jumbo Corona Center) स्थापित किए। सूत्रों ने बताया कि शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पूरी धांधली 1 अक्टूबर 2020 से 1 अगस्त 2022 के बीच साजिश रचकर की गई। एपीआई ठेंगे द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, गोम्स ने जुलाई 2020 और अक्टूबर 2020 के बीच कोविड सेंटर बनाने के बाद बीएमसी से भुगतान लिया था। इन शेष पृष्ठ 7 पर

यह दैनिक मालक-मुद्रक-प्रकाशक, संपादक मोहम्मद शकील अब्दुल रफीक ने सिटी इन्टरप्राजेस धरती कॉम्पलेक्स शॉप नं. 11, एवरशाईन नगर, मिरा रोड (पूर्व), जिल्हा - ठाणे से प्रकाशित किया, मुख्य कार्या लय- धरती कॉम्पलेक्स शॉप नं. 11, एवरशाईन नगर, मिरा रोड (पूर्व), जिल्हा - ठाणे महाराष्ट्र।मुंबई कार्या लय- शॉप नं. 14 उपाध्याय इंडस्ट्रियल इस्टेट, दहिसर चेक नाका, मुंबई इस समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है किसी भी विवाद का निपटारा मा. ठाणे न्यायालय के अधीन होगा संपादक मो. शकील अ. रफीक : मो. 9869128483

Email : shakeelsahara@gmail.com / citynewsmumbai@gmail.com website : www.citynewsmumbai.in RNI No. : MAHHIN/2012/47486